# विजयदान देथा की कहानी का मंचन 15 को

## नाट्य गंगा की अभिनय कार्यशाला के समापन पर रविवार को होगा रिजक की मर्यादा का मंचन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले की सबसे पुरानी सक्रिय नाट्य संस्था एवं एकमात्र रंगमंडल नाट्यगंगा के द्वारा नए कलाकारों को रंगकर्म से जोड़ने के लिए 1 मई से 45 दिवसीय फिल्म एवं थियेटर एक्टिंग वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। देश के सुप्रसिद्ध रंगकर्मियों के द्वारा इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को अभिनय के साथ-साथ गीत, संगीत, उच्चारण, संवाद अदायगी, थियेटर गेम्स, वॉइस एंड स्पीच, मार्शल आर्ट्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस 45 दिवसीय कार्यशाला का समापन इस रविवार को किया जाएगा।

कार्यशाला के दौरान ही प्रतिभागियों ने लोक कथाकार विजय दानदेथा की कहानी पर आधारित नाटक रिजक की मर्यादा को तैयार किया है जिसका मंचन रविवार की शाम छः बजकर पचपन मिनिट पर श्रेयांस टॉकीज सभागार में किया जाएगा।

इस नाटक में नए एवं पुराने 50 से अधिक कलाकार मंच पर एवं मंच पर कार्य कर रहे हैं। इस कहानी का नाट्य रूपांतरण एवं निर्देशन संस्था के गुरू एवं रंगमंडल के गुरू सचिन वर्मा के द्वारा किया जा रहा है। नाटक को अमित सोनी ने अपने गीत और संगीत से सजाया है। नाटक में सह निर्देशन विनोद प्रसाद ग्यास, तरूण जलोटा, अर्शिल चिचाम, हर्ष डेहरिया, पूनम बचले, गुंजन मेटेकर और दानिश अली कर रहे हैं।



यह कहानी रिजक की मर्यादा एक सुप्रसिद्ध भांड शंकर भांड की कहानी है। जो तरह-तरह के स्वांग करता है और जब तक वह स्वयं प्रकट नहीं करता कोई भी पहचान नहीं पाता कि वह शंकर भांड है। उसकी यह ख्यातिराजा के दरबार तक पहुँच जाती है और राजा उसे अपने दरबार में एक स्वांग करने के लिए कहता है पर इस स्वांग के बाद कुछ ऐसा घटता है कि पुरूस्कार की जगह शंकर दंड का भागी बन जाता है।

एक कलाकार की मर्यादा और अपनी कला के प्रति समर्पण को नाट्य गंगा के कलाकार नाटक के माध्यम से मंच पर प्रस्तुत करने का प्रयास करने वाले हैं। उत्कृष्ट संगीत, गीत, हास्य, अभिनय, रोमांच, संसपेंस से भरे इस नाटक को देखने के लिए संस्था के कलाकारों ने सभी दर्शकों को आमंत्रित किया है।

**ये कलाकार करेंगे अभिनय**

इन नाटकों में विनोद प्रसाद ग्यास, अर्शिल चिचाम, हर्ष डेहरिया, पूनम बचले, गुंजन मेटेकर, हेमंत नांदेकर, श्रीधर शर्मा, अशुंल यादव, निखिल डेहरिया, शिवी भारद्वाज, करूणा गांजरे, अदितांश चौरसया, अनादि सोनी, धर्मेन्द्र तेकाम, आरोही वाड़बुदे, चैतन्य डेहरिया, गरिमा बत्रा, प्रिंयांशी बत्रा, रश्मि पाठक, वेद श्रीवास्तव, अंशुल विश्वकर्मा, अनुश्री शुक्ला, स्वस्ति द्विवेदी, कुलदीप विश्वकर्मा, शिवांष श्रीवास्तव, अरिंदम मालवी, शिवम उइके, खुशबू बंदेवार, जयंत जम्होरे, शांभवी गुप्ता, अबीर वर्मा, चित्राक्ष मोरे, श्रीरज कोल्हे, अवनि सोनी, आरोही रत्नाकर, किरण मोरे, नभ बचले, पुनीत डेहरिया, विशाल धुर्वे, विशाल काकोड़िया, गीतश्री वर्मा, ओम तिवारी आदि अपनी कला का जौहर दिखाने वाले हैं।

# चौरई में युवक पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** चौरई थाना क्षेत्र में एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया गया। युवक विश्राम वर्मा उम्र 35 वर्ष, निवासी हिवरखेड़ी, कलकोटी से अपने घर लौट रहा था, इसी दौरान माचागौरा गांव के करीब दर्जनभर लोगों ने उस पर अचानक हमला कर दिया। पुलिस ने मंगलवार को इस मामले पर एफ.आई.आर दर्ज कराई है।

हमलावरों ने लोहे की रॉड, डंडे, पाइप और पत्थरों से युवक को बुरी तरह पीटा। हमले में विश्राम गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही बेहोश हो गया। घायल अवस्था में उसे 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर है।

घटना की जानकारी पुलिस को घायल के बड़े भाई आशाराम वर्मा ने दी। सूचना मिलते ही चौरई पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। फिलहाल युवक बोलने की स्थिति में नहीं है, इस कारण हमले की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। हालांकि पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक सभी हमलावर माचागौरा गांव के बताए जा रहे हैं। हमले की इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है।



# पेंशनर्स समाज परासिया की बैठक आयोजित

**परासिया, देशबन्धु।** कल 10 जून 2025 दिन मंगलवार को पेंशनर्स समाज की बैठक का आयोजन पेंशनर्स भवन में किया गया। बैठक आयकर रिटर्न भरने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। आयकर रिटर्न भरना क्यों आवश्यक है इससे संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। पेंशनर्स द्वारा रखी गई शंकाओं का समाधान किया गया।

बैठक में महाराष्ट्र बैंक मैनेजर प्रतिभा नागोतिया भी उपस्थित हुई। प्रतिभा ने बैंक में सीनियर सिटीजन को दी जा रही सुविधाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठजन के लिए लाभकारी सावधि जमा योजना के संबंध में भी जानकारी दी। आगामी माह में पौधारोपण के प्रस्ताव को पारित किया गया। वर्षा ऋतु में लगभग 100 पौधौं का रोपण करने के प्रस्ताव को सर्व सम्मति से पास किया गया।



शासन द्वारा 2 प्रतिशत मंहगाई राहत के लिए शासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। आवश्यकता हुई तो आन्दोलन भी किया जावेगा। पेंशनरों द्वारा रखी गई समस्याओं को हल किया गया। आज की बैठक में अध्यक्ष अनूप राय, डी.के. मिश्रा, डी.एन. दुबे, जेठूलाल सोनी, सी.एस. शर्मा, घनश्याम कुमरे, मो. इकबाल खान, बलराम गढ़ेवाल, महेश यादव, दिनेश तन्तुवाय, एस.आर. राय, नज्जू धुर्वे, मन्यु प्रसाद सोनी, राजेश जैन, मो. लतीफ कुरैशी, के. बरखानिया, वीरप्रसाद परतेती, के.पी. कश्यप, जे.एन. डेहरिया, खेमचंद खोबरिया, प्रतिभा नागोतिया, महाराष्ट्र बैंक मैनेजर विमला आरसे, सुमरो बाई, तुलसा सावले, गीता उइके, बनानी चक्रवर्ती, डाली चक्रवर्ती, विष्णु कहार, मालती गोंड आदि उपस्थित रहे।

# इस्कॉन छिन्दवाड़ा में बनाया जाएगा स्नान पूर्णिमा महोत्सव



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शनिचरा बाज़ार स्थित इस्कॉन छिंदवाड़ा में आज श्री जगन्नाथ, बलदेव, सुभद्रा महारानी एवं सुदर्शन चक्र का भव्य स्नान पूर्णिमा महोत्सव बनाया जाएगा। श्री विग्रह जगन्नाथ पूरी धाम से आए है । इन विग्रहों। का पंचामृत एवं विभिन्न प्रकार के फलों के रस से अभिषेक करवाया जाएगा।

भगवान श्री जगन्नाथ जी का अभिषेक सभी शहर के जनमानस कर सकते है। स्नान के पश्चात भगवान का विशेष गजबेश दर्शन होगा जो कि वर्ष में एक हो बार होता है तत्पश्चात महाआरती संपादित को जावेगी और फिर महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

इस्कॉन छिंदवाड़ा के ब्रह्मचारी देव आराध्य प्रभुजी ने बताया कि स्नान पूर्णिमा के पश्चात भगवान में अनवसरा विश्राम में चले जाते है फिर रथ यात्रा के दिन भगवान अपने श्री मंदिर से निकलकर नगर भ्रमण में निकलते है। इस बार इस्कॉन छिंदवाड़ा द्वारा 27 जून शुक्रवार को श्री जगन्नाथ बलदेव, सुभद्रा महारानी एवं सुदर्शन चक्रजी के भव्य रथ यात्रा का आयोजन करने जा रहा है।

# नपा अध्यक्ष के प्रयास से मिलेगा डी स्लीजिंग व्हीकल 19 लाख रुपए स्वीकृत



**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल द्वारा नगरपालिका अमरवाड़ा में डी स्लीजिंग व्हीकल स्वीकृत किया गया है। दिसम्बर 2024 में नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी द्वारा भोपाल प्रवास के दौरान नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से नया डी स्लीजिंग व्हीकल प्रदान करने माँग की गई थी। उक्त माँग को मंत्रीजी द्वारा स्वीकार कर शासन ने व्हीकल क्रय करने हेतु 19 लाख रुपये स्वीकृत किए गये है। सेप्टिक टैंक सफ़ाई मशीन सहित नया ट्रेक्टर नगरपालिका द्वारा क्रय किया जाएगा। शासन द्वारा स्वीकृति पर नगरपालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवम् सभापति, पार्षदों द्वारा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का आभार व्यक्त किया गया।

# श्रमिक संगठन इंटक ने बिछुआ पठार में की गेट मीटिंग

**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** राष्ट्रीय कोयला खदान मजदूर संघ (इंटक) रीजनल चांदामेटा के द्वारा 10 जून 2025 मंगलवार को प्रात: 8:00 बजे से नार्थ मंडला कोल ब्लॉक बिछुआ पठार में गेट मीटिंग का आयोजन किया गया।

गौरतलब है कि जे.पी. एसोसिएट कंपनी के द्वारा नार्थ मंडला कोल ब्लॉक को दिनांक 22 मई 2025 को डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड को हस्तांतरण कर दिया गया है एवं 28 जून 2025 को बिछुआ पठार के सभी विक्रेता भू-स्वामियों को डालमिया सीमेंट(भारत) लिमिटेड कंपनी में समस्त कार्रवाई करते हुए विक्रेता भू स्वामियों को रोजगार प्रदान कर दिया जाना था किंतु वर्तमान तक रोजगार प्रदान नहीं किया गया।



इस संबंध में राष्ट्रीय कोयला खदान मजदूर संघ इंटक रीजनल के अध्यक्ष सोहनलाल बाल्मिक विधायक परासिया के द्वारा एस.डी.एम. के समक्ष 28 मुख्य बिंदुओं के मांग पत्र पर चर्चा कर समस्या का निदान करने की कोशिष की गई परंतु डालमिया कंपनी की हठधर्मिता के कारण अभी तक मांग पत्र पर कार्रवाई नहीं की गई। जिसको लेकर आज 10 जून 2025 को बिछुआ पठार नॉर्थ मंडला कोल ब्लॉक में गेट मीटिंग के माध्यम से समस्त कामगारों को अवगत कराया गया, जिसमें राष्ट्रीय कोयला खदान मजदूर संघ इंटक के पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

इस गेट मीटिंग के दौरान पेंच कन्हान महामंत्री भगवानदीन यादव, पेंच एरिया अध्यक्ष मनोज तिवारी, कन्हान एरिया अध्यक्ष मदन जंघेला, पेंच क्षेत्र सचिव साबिर खान, मनोज साहू, असलम सिद्दीकी सहित बिछुआ पठार नॉर्थ मंडला कोल ब्लॉक के इंटक पदाधिकारी एवं समस्त कामगार उपस्थित हुए।

# सांसद ने आदिवासियों से पैर धुलाकर किया पूरे समाज का अपमान : ओक्टे

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जनप्रतिनिधि होने का अर्थ जन की सेवा करना है ना कि स्वयं की सेवा करवाना। केवल चुनाव के समय जनता के पैर छूकर आपका बेटा, आपका भाई कहने वाले सांसद अहंकार से भर चुके हैं, इसीलिये वे जनता का मान व सम्मान भूल गए और यात्रा के दौरान एक गांव में आदिवासी परिवार से पैर धुलाकर उनका अपमान किया है, जिले के आदिवासियों से सांसद बंटी साहू को माफी मांगना चाहिए। भाजपा के नेता को चुनाव के समय जनता भगवान नजर आती है और चुनाव जीतने के बाद सेवक। यह बेहद निंदनीय है। उक्त बातें पत्रकारो से चर्चा करते हुए कांग्रेस भवन में विश्वनाथ ओक्टे अध्यक्ष जिला कांग्रेस ने कही।

श्री ओक्टे ने आगे कहा कि भाजपा के सांसद सीधे तौर पर आदिवासियों का अपमान कर रहे हैं। आदिवासी बाहुल्य ब्लॉक जुन्नारदेव के ग्राम जंबाकिराड़ी में आदिवासी भाइयों से पैर धुलाकर भारतीय सभ्यता व संस्कृति को तार-तार किया है। आदिवासियों से पैर धुलाने की हमारी पम्परा व संस्कार नहीं है।

पत्रकारो से चर्चा करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि भाजपा सांसद के द्वारा किये गये अर्मादित कृत्य के लिए सम्पूर्ण भाजपा व सांसद को आदिवासी समाज के साथ ही सर्वसमाज से हाथ जोड़कर चरण पकड़कर माफी मांगनी चाहिए।

चर्चा के दौरान श्री ओक्टे ने कहा कि केवल यात्रा वृतांत व उपदेशों व जुमलेबाजी से जिले का विकास नहीं होगा। भाजपा के जिम्मेदारों को विकास पर भी ध्यान देना चाहिए। कमलनाथ एवं नकुलनाथ के प्रयासों से खुले सिम्स को भाजपा की सरकार फंड नहीं दे रही। भुगतान के अभाव में काम समय पर पूरा नहीं हो रहा जिसके दुष्परिणाम जिले की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि रेल और हवाई सेवा के साथ ही अन्य क्षेत्रों में हमारा छिन्दवाड़ा लगातार पिछड़ रहा है। भाजपा सरकार म.प्र. के अन्य जिलों में विकास कर रही है किन्तु छिन्दवाड़ा के साथ लगातार भेदभाव कर रही है।

उन्होंने बताया कि समीपस्थ जिले बालाघाट को दो नई रेल सौगात मिली तो वहीं सतना व दतिया को हवाई अड्डा मिला। अब बात छिन्दवाड़ा की करें तो भाजपा ने छिन्दवाड़ा विश्वविद्यालय के महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट की बिल्डिंग के बजट में कटौती कर दी गई। भाजपा की छिन्दवाड़ा के प्रति विकास विरोधी सोच का इससे बड़ा कोई प्रमाण नहीं हो सकता। छिन्दवाड़ा का विकास पूरी तरह ठप हो चुका है। युवाओं के लिए शिक्षा व रोजगार के अवसर समाप्त हो चुके।

यहां गंभीर आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा है कि भाजपा ने षड्यंत्र रचकर लोकसभा चुनाव जीता है, इस बात की पुष्टि स्वयं जिम्मेदार पद पर बैठे पुलिस अधिकारी के द्वारा वीडियो और आडियो के माध्यम से की गई है।

दमुआ थाना में पदस्थ थाना प्रभारी खुले तौर पर कह रहे हैं कि भाजपा के सांसद विवेक बंटी साहू को जिताने के लिए पुलिस ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर झूठे मामले बनाए हैं। सम्पूर्ण नियम व कानून को ताक पर रखकर पुलिस ने भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में काम किया तब जाकर भाजपा छिन्दवाड़ा लोकसभा चुनाव जीत पाई और बंटी साहू सांसद बने हैं।

म से जो हमने पूर्व में आरोप लगाया था वह पुलिस अधिकारियों ने पुष्टी कर दी है इसे भारत निर्वाचन आयोग के सामने शिकायत करेंगे। आगे उन्होंने कहा कि भाजपा ने पुलिस व प्रशासन का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की हत्या की है। जनता के मतों को छल, बल व धनबल से बदला गया है।

दमुआ थाना प्रभारी राजेश साहू फोन पर चर्चा में कह रहे हैं भाजपा के नेता मृत व्यक्तियों के नाम पर पैसा खा रहे हैं, अवैध रेत का कारोबार कर रहे हैं जुआ-सट्टा खिला रहे हैं अवैध शराब बेच रहे हैं। और तो और अवैध वसूली से भाजपा के एक नेता ने दो मंजिला बिल्डिंग बनवा ली है। ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर निकाली गई रैली में थाना प्रभारी पुलिस वाहन उपलब्ध करा रहे हैं। थाना प्रभारी जनसेवा नहीं भाजपा की सेवा में लिप्त है।

दमुआ थाना प्रभारी राजेश साहू भ्रष्ट है इस बात की पुष्टि भाजपा के नेता भी कर रहे हैं। कुछ नेताओं ने पुलिस अधीक्षक से उन्हें हटाने की मांग की है। भ्रष्ट पुलिस अधिकारी को तत्काल निलम्बित किया जाए साथ ही सम्पूर्ण मामले की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।भाजपा सांसद के संरक्षण में भू-माफिया फलफूल रहे हैं और वे आदिवासियों की जमीनें हड़पने में जुटे हैं। महिलाओं से सम्बंधित अपराध लगातार बढ़ रहे हैं।

भाजपा के सांसद विगत एक वर्ष से आवेदन व पत्रों लिखने तक सीमित है। विगत एक वर्ष में जिले में कोई विकास नहीं हुआ। भाजपा की सरकार किसान विरोधी है, किसान खाद, बीज व बिजली के लिए परेशान है।

भाजपा की वार्ड नम्बर 26 की महिला पार्षद व उसके पति के द्वारा सरेआम जनता के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। भाजपा की महिला पार्षद व उसके पति वार्ड में खुलेआम गुंडागर्दी कर रहे हैं। भाजपा चाल, चरित्र व चेहरे की बात करती है। भाजपा की चाल, चरित्र व चेहरा सबकुछ जनता के सामने हैं। कांग्रेस ने भविष्य में इन सभी वादो को लेकर उग्र आंदोलन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ज्ञापन और आंदोलन के बाद भी भाजपा और विपक्ष की कोई बात सुनने को तैयार नहीं है और जनता दुखी और परेशान हो रही है।

## पत्रकार वार्ता में कांग्रेस ने कहा, आदिवासियों से माफी मांगें सांसद





# तिलक मार्केट से चार फाटक तक हटाया अतिक्रमण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिका निगम और जिला प्रशासन लगातार अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। मंगलवार को नगर निगम की टीम ने तिलक मार्केट, रेलवे स्टेशन चार फाटक से लेकर रेलवे स्टेशन तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान अस्थाई के साथ-साथ कई स्थायी अतिक्रमण भी हटाए गए। कार्रवाई के दौरान नाले पर अवैध कब्जा कर बनाई गई दुकान को भी जमींदोज किया गया। खासतौर पर कुछ दुकानदारों ने सीढ़ी और छज्जा बढ़ाकर अतिक्रमण कर लिया था, इस अतिक्रमण को जेसीबी के जरिए तोड़ा गया ।

इस कार्रवाई में कुल 150 सदस्यीय टीम तैनात की गई थी, जिसमें नगर निगम, राजस्व और पुलिस विभाग के कर्मचारी शामिल थे । मौके पर 3 जेसीबी मशीनें भी लगाई गई थीं, जिनकी मदद से अवैध निर्माण हटाए गए।

नगर निगम ने इससे पहले कई बार सार्वजनिक अपील की थी कि लोग खुद ही अपने अतिक्रमण हटा लें, ताकि प्रशासन को सख्ती न करनी पड़े। लेकिन अपीलों को नजर अंदाज किया गया। ऐसे में अब निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

कार्रवाई के दौरान कई अतिक्रमणकारियों ने विरोध भी किया, लेकिन पहले से मौजूद पुलिस बल और नगर निगम की टीम ने कार्रवाई को बिना रुके जारी रखा। एहतियातन कार्रवाई वाले क्षेत्र में बिजली आपूर्ति भी बंद की गई थी ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो।

नगर निगम कमिश्नर सी.पी. राय ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। जहां-जहां अतिक्रमण की शिकायतें मिलेंगी, वहां नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निगम ने दोबारा अपील की है कि लोग स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा सख्त कार्रवाई के लिए तैयार रहें। इस कार्रवाई में छिंदवाड़ा एस.डी.एम. सुधीर जैन, नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय, अतिक्रमण विरोधी दस्ता, विद्युत विभाग की टीम और भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

गौरतलब है कि नगर निगम ने 4 जून से शहर भर में अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया है, जो आगामी 14 जून तक चलेगा। फव्वारा चौक से गोलगंज, राममंदिर, अनगढ़ हनुमान मंदिर से बुधवारी, इतवारी एवं शनिचरा बाजार में अतिक्रमण कार्रवाई होगी। इसके साथ ही निर्धारित किए गए पार्किंग स्थलों में सख्ती से वाहन खड़े करने की बात कही गई। इस दौरान शहर के व्यस्ततम मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने की योजना है, जिससे यातायात और नागरिकों की सुविधा में सुधार हो सके। अतिक्रमण अभियान के दौरान मानसरोवर के सामने नगर निगम का जेल काम्पलेक्स है जहां फुटपाथ गैलरी में अतिक्रमण है उसे तत्काल हटाया जाना चाहिए जनहित में, यह भी मांग उठी है। यहां पर अधिकांश भोजनालय गैलरी में भट्टी बना रखें है जिससे खाना बनाते, सब्जी बखारते समय आजू बाजू के दुकानदारों को परेशानी होती है इसके अलावा राह चलते लोगों की आँखों में मिर्ची की झार लगने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और कई लोग दुर्घटना के शिकार भी हो जाते है।

**इनका कहना है**

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी । अतिक्रमणकारियों से अपील की जाती है कि वो दोबारा अतिक्रमण करने का प्रयास न करें ।

**सी.पी. राय,**
**कमिश्नर नगर निगम**

## पुरस्कार वितरण के साथ हुआ बैडमिंटन स्पर्धा का समापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला स्तरीय बैडमिंटन सीनियर जुनियर प्रतियोगिता का ओलिंपिक स्टेडियम में पुरूस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर खिलाड़ियों को बीस हजार की स्कॉलरशिप एवं मैडल, ट्राफी व व्यक्तिगत पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला महिला बालविकास अधिकारी ब्रजेश शिवहरे, कोतवाली टी.आई. आशीष धुर्वे, स्पर्धा अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैंस, ओ. पी. शर्मा, प्रियकांत जुनेजा, बृजेश रघुवंशी, विकास सिंह बैंस, डॉ. अनिल जैन, जावेद खान, राकेश चौरसिया, विजय पावर, राकेश चौरसिया, अजहर खान, प्रीति मार्को, विनीता नेटी, प्रणय नामदेव विशेष रूप से उपस्थित थे। अक्षय मक्कड़, भविष्य सूर्यवंशी, राजवीर यदुवंशी, आरव शर्मा, ओम साहूए, कनिष्क व महिला वर्ग में गुंजन नगरारे, संचारिका यादव, प्रकृति विश्वकर्मा, सुजाता परी, अक्षिता व अंकिता ने विजेता स्थान प्राप्त किया। चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।



**सार समाचार**

## मोहखेड़ विकासखंड में हुई किसानों की गोष्ठी और किया गया निरीक्षण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 10 जून 2025 को ग्राम पंचायत सारंग बिहरी, बिसापुरकला एव लिंगा में विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान कृषक संगोष्ठी का आयोजन ग्राम पंचायत भवन में किया गया जिसमे मुख्य रूप से विलास घोंगे जिला पंचायत सदस्य मोहखेड़, चैतराम अमृते के साथ ही संबंधित की ग्राम पंचायतों के सरपंच उपस्थित रहे।

इस अभियान के अंतर्गत वैज्ञानिक दल के प्रभारी डॉ. डी.सी. श्रीवास्तव के नेतृत्व में अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों का दल ग्राम पंचायत मोहखेड़ पहुंचा जिसमें अलग-अलग विभागों के अधिकारियों द्वारा विभागों की विभिन्न योजनाओं से कृषकों को जानकारी दी गई एवं वैज्ञानिक डॉ. डी.सी. श्रीवास्तव द्वारा कृषकों को नवीन तकनीक, नवाचार एवं उन्नत खेती की नवीन तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही कृषकों के खेती में आने वाली समस्याओ के समाधान का कार्यक्रम भी वैज्ञानिकों द्वारा रखा गया जिसका तुरंत समाधान किया गया।

कार्यक्रम अंतर्गत उद्यानिकी वैज्ञानिक श्रीमती रिया ठाकुर द्वारा सब्जियों की उन्नत पौध एव फसल उत्पादन तकनीक के बारे में विस्तार से बताया गया साथ ही जैव उर्वरक, सब्जियों में प्राकृतिक खेती, एकीकृत कीट प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक श्रीमती चंचल भार्गव द्वारा उन्नत किस्मों के बीज मक्का में फॉल आर्मी वर्म का प्रबंधन, खरपतवार भरु के प्रबंधन संबंधी जानकारी कृषकों को दी गई। साथ ही विकसित कृषि संकल्प अभियान के उद्देश्यों एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जनप्रतिनिधि को विस्तार से बताया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी डी.एस. घागरे, पशुपालन विभाग के विकास खंड मोहखेड़ के अधिकारी डॉ. जी. एस. बघेल, उद्यानिकी विभाग के धीरेंद्र माहोरे, पशुपालन विभाग से सिमरन इवनाती, फसल बीमा कंपनी के अशोक चौरे, आत्मा परियोजना से प्रिया कराड़े, ज्योति अहिरवार एवं बनवारीलाल शुक्ला के साथ ही कृषि विभाग का मैदानी अमला उपस्थित रहा। सभी अधिकारियों ने संबंधित विभाग में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। ग्राम सारंग बिहरी में विकसित कृषि संकल्प अभियान रैली का भी आयोजन किया गया। ग्राम लिंगा में कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमति मधु बेन द्वारा इकट्ठे किए गए मृदा नमूनों के जांच के उपरांत किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में प्रगतिशील कृषकों के नवाचारो का संकलन भी किया गया। साथ ही नवाचार खेती का अवलोकन भी किया गया।

## हत्या के आरोपी ने कर लिया था कब्जा, न्यायालय ने बुजुर्ग महिला को दिलाया उसका खेत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अमरवाड़ा नगर के समीपस्थ ग्राम सुखारी का बहुचर्चित विस्तु वर्मा हत्याकांड के मुख्य आरोपी राजाराम बर्मा के द्वारा सुखारी की बसंतीबाई की जमीन में कब्जा कर लिया था इसमें यह मामला अमरवाड़ा न्यायालय में चला और न्यायालय ने बसंती बाई को कब्जा वापस दिलवा दिया। इस दौरान जमीनी विवाद में राजाराम जगदीश और झुन्नी के द्वारा बसंती बाई के पति विस्तु वर्मा की खेत में निर्मम हत्या कर दी गई और जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया अभी हाल ही में जमानत में जेल के बाहर आया है और उसने फिर पीड़ित महिला बसंती बाई वर्मा के खेत में कब्जा कर मक्का बोने की तैयारी कर रहा है जिससे पीड़ित महिला ने अमरवाड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई है और न्यायालय की शरण में गई है कि मुझे कब्जा दिलाया जाए और आरोपियों से मुझे जान का खतरा है।

## पवित्र विचार मन को मंदिर बना देते हैं : ब्रम्हकुमारी मीना

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के उप सेवा केंद्र पटेल मंगल भवन के पीछे नीरजा तिवारी वाली गली में चल रहे पांच दिवसीय तनाव प्रबंधन शिविर के आयोजन में जबलपुर से पधारी मीना बहन द्वारा आध्यात्मिक ज्ञान के द्वारा तनाव प्रबंधन के तरीके सिखाये जा रहे हैं। इस अवसर पर शिविर के उद्घाटन करने विजय पांडे पार्षद, संजय गोहा, स्वामी बागडे आदि अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शिविर के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए समर कैंप भी आयोजित किया गया है जहां विभिन्न प्रकार के खेल कहानी एवं नैतिक शिक्षाएं आदि के द्वारा विद्यार्थियों के बाल व्यक्तित्व को एक नई दिशा प्रदान की जा रही है। जहां बच्चों के भीतर आंतरिक शक्तियों का विकास मोरल वैल्यूज आदि का समावेश किया जा रहा है। इसी क्रम में शिविर की प्रथम दिवस पर दीदी मीणा बहन द्वारा जीवन में आने वाली समस्याओं को मेडिटेशन द्वारा कैसे समाधान किया जाता है, अपनी आंतरिक शक्तियों को बाहरी जगत की समस्याओं पर कैसी जीत पाई जाए एवं संबंधों में कैसे मधुरता लाया जाए। इस पर विस्तार से बताया गया। प्रार्थना व राजयोग मेडिटेशन में अंतर बताया गया। हमारे पवित्र विचारों का उद्भव स्थान मौन है, पवित्र विचार मौन से ही स्वत उत्पन्न होते हैं, मौन से वचन सारगर्भित होता है।



## नगर के वार्डों में सक्रिय हैं कांग्रेस पदाधिकारी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम क्षेत्र के वार्डों में कांग्रेस पश्चिम उप ब्लॉक की टीम पूरी सक्रियता के साथ जुटी हुई है। कमलनाथ एवं नकुलनाथ के हाथों को और अधिक मजबूत करने कांग्रेस पश्चिम उप ब्लॉक के पदाधिकारी वार्डवार बैठक लेकर कार्यकर्ताओं में नए सिरे से जोश भर रहे हैं।

कांग्रेस पश्चिम उप ब्लॉक के वार्ड क्रमांक 43 एवं 45 में आयोजित बैठक को कांग्रेस के वक्ताओं ने सम्बोधित करते हुए कहा कि कमलनाथ एवं नकुलनाथ के कार्यकाल में हुए विकास कार्यो से छिन्दवाड़ा पूरे म.प्र. में मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया। किन्तु भाजपा की सरकार आते ही जिले का विकास पूरी तरह से ठप हो गया। केन्द्र व राज्य सरकार से विकास के लिए बजट नहीं मिल रहा है, जबकि नेताद्वय ने हमेशा ही छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा अलग से बजट लाया।

इसका परिणाम यह हुआ कि आज छिन्दवाड़ा के गांव-गांव तक सड़कें है, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय व मेडिकल कॉलेज से लेकर विभिन्न स्किल सेन्टर है। उन्होंने उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि जनता तक विकास की बात पहुंचानी होगी। भाजपा की विकास विरोधी सोच को भी जनता के सामने उजागर करना होगा।

आयोजित बैठक को शहर कांग्रेस के प्रभारी धर्मेन्द्र सोनू मागो व शहर कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू यादव ने भी सम्बोधित किया। बैठक में तरूण कराड़े, गणेश चौबे, मयंक गजभिये, अल्केश कोल्हे, संगीता ठाकुर, रानू डेहरिया, सिराज कुरैशी, अमित मालवीय, राधा बाई, सुनिता सूर्यवंशी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## ग्राम मोया, पाथरी व खमरा में किसानों को दी नई तकनीक की जानकारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले के बिछुआ विकासखंड की ग्राम पंचायत मोया, पाथरी एवं खमरा में किसानों कृषि की नई-नई तकनीको के बारे में बताया गया। मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गई विभिन्न फसलों के चयन तथा संतुलित उर्वरकों एवं खाद के प्रयोग के लिए जागरुक किया जा गया साथ ही किसानों के खेत जाकर बैगन, टमाटर मिची, मिर्ची की पौध शाला का दौरा किया गया और उनको किस आधार पर किसानों को बेचा जाता है इसकी जानकारी किसान के द्वारा बताई गई। किसान द्वारा बैगन में फ्रूट फ्लाई का बचाव कैसे किया जाए जानकारी वैज्ञानिक द्वारा बताई गई। इसी के साथ किसानों को खेतों से मिट्टी की जांच हेतु मिट्टी के नमूने किस प्रकार से लेते है कि जानकारी किसानों को दी गई ।



ग्राम पंचायत मोया, पाथरी एवं खमरा में उन्नतशील कृषकों द्वारा विभिन्न प्रकार की फसलों का नवाचार किया जा रहा हैं। विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत पशु पालन विभाग से जिले के नोडल अधिकारी डॉक्टर एच.जी.एस. पक्षवार के नेतृत्व में कृषकों को पशुपालन विभाग की सभी योजनाओं की जानकारी दी गई और पशुओं में लगने वाले विभिन्न रोग एवं बीमारियों के उपचार की विधि बताई गई।

इसी तारतम्य में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र से टीम अधिकारी डॉ. सरिता सिंह ;वैज्ञानिक द्वारा किसानों कृषि में उपयोग होने वाली नई नई उन्नतशील तकनीकों के विषय में जानकारी प्रदान की साथ ही प्राकृतिक खेती अपनाने हेतु वैज्ञानिक पद्धति की जानकारी दी गई एवं साथ ही मुख्य रूप से उपयोगी घटकों के विषय में बताया गया जैसे कि बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, ब्रह्मास्त्र, नीमस्त्र आदि की जानकारी कृषक भाइयों एवं बहनों को विस्तृत रूप से बताई गई।

कृषि विज्ञान केंद्र से ही सुंदरलाल अलावा द्वारा खरीफ मौसम में लगने वाली फसलों की जानकारी दी गई एवं उन्नतशील किस्मों का किस प्रकार चयन किया जा सकता है मिट्टी की उर्वरता कैसे होनी चाहिए किस समय सिंचाई उर्वरक एवं दवाइयां का प्रयोग किया जाना चाहिए इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई।कृषि विभाग से अरविन्द जावरे द्वारा विभाग से संबंधित सभी योजनाओं की जानकारी दी गई।

कृषि विभाग से ही ब्लॉक टेक्निकल मैनेजर श्रीमति स्मिता पाटिल के द्वारा प्राकृतिक खेती के नवाचार हेतु किस प्रकार से क्लस्टर बनाए जा रहे हैं इस विषय की जानकारी किसानों को दी गई। साथ नीतेश गजभिए द्वारा आत्मा परियोजना के माध्यम से कौन कौन सी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है इस विषय की जानकारी प्रदान की गई।

उद्यानिकी विभाग से राजा बड़कड़े द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी किसानों के बीच साझा की गई जैसे कि माइक्रो इरिगेशन, स्प्रिंकलर, कोल्ड स्टोरेज आदि की जानकारी दी गई साथ ही इफको से आशुतोष चौधरी के द्वारा नैनो यूरिया नैनो, डी.ए.पी. के विषय में संपूर्ण चर्चा की गई। बता दें कि किसानों को कृषि में नवाचार करने में किसी प्रकार की तकलीफ न हो, उन्नत तकनीकी ढंग से कृषि कार्य कर सके इसलिए शासन के निर्देशानुसार अधिकारी सलाह देने पहुंच रहे है।

## जनसुनवाई में सुनी गई 156 आवेदकों की समस्याएं

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । प्रभारी कलेक्टर अग्रिम कुमार के मार्गनिर्देशन में प्रभारी ए.डी.एम. एवं संयुक्त कलेक्टर अंकिता त्रिपाठी ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 156 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये।



जनसुनवाई में मुख्य रूप से भूमि का रकबा एवं खसरा नक्शा सुधारने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पी एम किसान सम्माननिधि की राशि दिलाने, गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाने, मकान का पट्टा प्रदान करने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई में आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम खमरा के नरेन्द्र सिंह ने जमीन का सीमांकन करने, ग्राम रावनवाड़ा खास के लालदास पाल ने अपने पुत्र व पुत्री का जाति प्रमाण पत्र बनवाने, ग्राम धूसावानी के कृष्णा धुर्वे ने अनावेदक द्वारा शासकीय भूमि में दुकान निर्माण पर रोक लगाने, चौरई के वार्ड क्रमांक-15 के वार्डवासियों ने सार्वजनिक शासकीय निस्तारी तालाब से शीघ्र अतिक्रमण हटाने एवं छिंदवाड़ा नगर के चैतराम ने ग्राम उभेगांव स्थित कृषि भूमि में अनावेदकों द्वारा किये कब्जे को हटाने, नगर के वार्ड क्रमांक-05 शिवनगर कॉलोनी के चन्दनलाल इरपाची ने विक्रय की गई भूमि (प्लॉट) का पंजीयन निरस्त करने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये।

इस दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर व डिप्टी कलेक्टर आर.के. मेहरा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई, जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जनसुनवाई में शामिल हुये। वहीं कुछ महिला आवेदको ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी भी की और जनसुनवाई के दौरान ज्ञापन सौपा।